UN Information Centre
New Delhi

From Wonder, Wisdom
Heartfulness Education Trust

# हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2020

आयोजक

श्री रामचंद्र मिशन

सहयोगी

संयुक्त राष्ट्र जन सूचना केंद्र भारत व भूटान

एवं

हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट

श्री रामचंद्र मिशन एक लाभ निरपेक्ष शैक्षिक एवं आध्यात्मिक संस्था है। सार्वभौमिक शांति एवं सामंजस्य के लिए यह संस्था ध्यान के माध्यम से हृदय पर आधारित जीवन को प्रोत्साहित करती है। यह उन 1600 गैर सरकारी संगठनों में से एक है जो कि संयुक्त राष्ट्र के जनसूचना विभाग (UNDPI) से सम्बंधित हैं। सन् 2005 से अखिल भारतीय निबंध लेखन कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र जनसूचना केंद्र (भारत एवं भूटान) और श्री रामचंद्र मिशन के बीच भागीदारी का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम रहा है। सन् 2019 से इस कार्यक्रम का नाम बदलकर हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम कर दिया गया है।

एक सहकार्य के तहत श्री रामचंद्र मिशन और हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट ने युवाओं के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों को विकसित किया है जिन का उद्देश्य उनमें सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों की समझ एवं स्वीकार्यता लाना है। शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए भी एक कार्यक्रम शुरू किया गया है ताकि वे अपनी संस्थाओं को 'हार्टफुलनेस वे एजुकेशन' प्रदान कर सकें। श्री रामचंद्र मिशन, स्कूलों व कॉलेजो में निबंध लेखन कार्यक्रम के अतिरिक्त इन कार्यक्रमों की भी पेशकश करता है। इसका विवरण www.heartfulness.org/education पर उपलब्ध है।



Scanned by CamScanner

## के लिए आमंत्रण

युवावस्था संभावनाओं का समय है। यह जीवन की वह अवस्था है जो अवसरों से भरी है जिनका हम लाभ उठा सकते हैं बशर्ते हम इ
लिए तैयार हों। जहाँ शिक्षा हमें अपनी शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमताओं को उत्कृष्टतम स्तर तक विकसित करने में मदद करती है, वहाँ ह
विकास का एक ऐसा पहलू भी है जिसे प्रायः उतना महत्व नहीं दिया जाता जितना देना चाहिए - हमारे आंतरिक अस्तित्व का विका
शरीर, मन व हृदय के समकालिक विकास के बिना इंसान के रूप में हमारा विकास अधूरा है। इसलिए युवाओं को उत्कृष्टता के साथ-सा
संतुलन प्राप्त करने का भी प्रयास करना चाहिए - मन व हृदय के बीच, बाह्य व आंतरिक के बीच तथा सोच व भावनाओं के बीच
हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम के माध्यम से हम आप सभी को अपने आंतरिक क्षेत्र में उतरने, हृदय की उस हल्की सी आवाज़ के सा
सामंजस्य स्थापित करने जो कभी भी हमें मार्गदर्शन देने में नहीं चूकती और दिए गए विषय पर अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त करने
के लिए आमंत्रित करते हैं। इस प्रकार हम प्रारंभिक जीवन काल से ही आपको हृदय से मार्गदर्शन लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

विषय:

<u>श्रेणी 1 [कक्षा 9 से 12] : शब्द सीमा - 500</u>

**वैचारिक प्रदूषण - सभी बुराइयों का मूल कारण**

- **दाजी**, हार्टफुलनेस के वैश्विक मार्गदर्शक

<u>श्रेणी 2 [स्नातक व परास्नातक] : शब्द सीमा - 750</u>

**ग़रीबी केवल धन का अभाव ही नहीं है**

- अमर्त्य सेन, नोबेल पुरस्कार विजेता

अनुमत भाषाएँ:

राष्ट्रीय स्तर : **अंग्रेज़ी, हिंदी**

क्षेत्रीय स्तर : राज्य के अनुसार उपयुक्तता की सूची के अनुसार गुजराती, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु में से **कोई एक**।

### नियम एवं दिशा-निर्देश

क) संस्था को अपनी सहभागिता के लिए www.younghearts.org. में दिए गए लिंक पर रजिस्टर करना आवश्यक है। प्रत्येक संस्था के लिए एक विशिष्ट कोड जारी किया जाएगा। लॉगिन करने के लिए रजिस्टर किए गए ईमेल आई.डी. पर पुष्टि की ईमेल भेजी जाएगी।

ख) रजिस्टर हुई प्रत्येक संस्था को छात्रों द्वारा निबंध जमा करने की प्रक्रिया का प्रबंधन करने के लिए एक लॉगिन आई.डी. दिया जाएगा।

Scanned by CamScanner

...यों को अपलोड करने के लिए और अपनी सहभागिता का नामांकन करने के लिए छात्रों को संस्था का विशिष्ट कोड दिया जा सकता है। निबंध जमा करने के लिए लिंक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

हर राज्य में 11 स्वीकृत भाषाओं में से 2 या 3 भाषाओं के विकल्प दिए जाएँगे जो उस राज्य में प्रचिलित हैं। संस्था का निबंध लेखन आयोजक संस्था की प्रतिभागिता के लिए भाषा को चुनकर उसके अनुसार छात्रों को सूचित कर सकता है। राज्य के अनुसार भाषा-सूची संलग्न है।

ङ) किसी भी छात्र को अपना निबंध लिखकर जमा करने के लिए किसी एक भाषा को ही चुनना होगा ।

च) सभी निबंध **A4 साइज वाले कागज़** पर लिखे जाने चाहिए। ये नीली या काली स्याही में हस्तलिखित हो सकते हैं या कंप्यूटर पर काले फॉण्ट में टाइप किए जा सकते हैं। निबंध फॉण्ट साइज 12 में टाइप किए हुए होने चाहिए। सभी प्रविष्टियों में "प्रतिभागी सूचना स्लिप" में उचित रूप से जानकारी दी जानी चाहिए और उस पर हस्ताक्षर करके पहले पृष्ठ के रूप में जमा किया जाना चाहिए।

छ) अपलोड की जाने वाली फाइल में अधिकतम 3 पृष्ठ हों जिनमें प्रतिभागी सूचना स्लिप भी शामिल हो। वह फाइल एक ही पीडीऍफ़ फाइल होनी चाहिए। फाइल का साइज़ 3 MB से कम होना चाहिए।

ज) प्रतिभागियों के लिए प्रत्येक पृष्ठ के अंत में हस्ताक्षर करना और अंतिम पृष्ठ पर शब्द-संख्या लिखना ज़रूरी है। जमा की गई प्रविष्टियों में संस्थागत स्तर पर दिए गए अंक नहीं लिखे होने चाहिए ।

झ) भाग लेने के लिए दो श्रेणियाँ हैं और छात्रों को **सिर्फ़ अपनी ही श्रेणी के लिए दिए गए विषय पर निबंध** लिखना है। निबंध केवल एक ही भाषा में लिखा जाना चाहिए।

ञ) **श्रेणी 1 की शब्द सीमा 500** और **श्रेणी 2 की शब्द सीमा 750** है और इसका पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए।

ट) कृपया किसी प्रकार का चित्रण न करें।

ठ) छात्रों को विषयों को पढ़ने व उस पर रिसर्च करने की अनुमति व प्रोत्साहन दिया जाता है । तब भी प्रस्तुत निबंध छात्र का अपना **मौलिक कार्य** होना चाहिए और उसमें किसी भी लिए गए सन्दर्भ या उद्धरण की सूचना होनी चाहिए। किताबों या इंटरनेट से किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी मान्य नहीं है।

ड) प्रत्येक भाषा में **सर्वश्रेष्ठ पाँच निबंध** संस्था के मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन ही चुने जाने चाहिए । यदि मूल्यांकनकर्ता चाहें तो हमारी वेबसाइट में दिए गए 'इंस्टीट्यूशन लॉगिन' का उपयोग करके अपनी संस्था के प्रतिभागियों के निबंधों को डाउनलोड कर सकते हैं ।

ढ) मूल्यांकन केवल दिए गए मूल्यांकन दिशानिर्देशों के आधार पर ही होना चाहिए ।

1. परिचय/ व्याख्या : महत्व 10 %
2. रूपरेखा एवं प्रवाह : महत्व 10 %
3. भाषा : महत्व 10 %
4. रचनात्मकता/मौलिकता : महत्व 40 %
5. प्रासंगिकता : महत्व 10 %



Scanned by CamScanner

6. खोजबीन/ विवरण पर ध्यान : महत्व 10 %

7. उपसंहार : महत्व 10 %

मूल्यांकन मापदंडों का विस्तृत विवरण हमारी वेबसाइट में डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है ।

ण) इस कार्यक्रम के उद्देश्य को पूरा करने के लिए, प्रतिभागी को उस विषय के बारे में **अपनी व्यक्तिगत समझ दर्शानी चाहिए जो कुछ-कुछ अपने अनुभवों के आधार पर हों** । पूरी तरह से किताबों या इंटरनेट से ली गई सामग्री इच्छित नहीं है।

प्रतिभागी केवल अपनी संस्था के लॉगिन का उपयोग करके ही निबंध जमा करें। ईमेल द्वारा भेजे गए निबंध मान्य नहीं होंगे ।

किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण या मदद के लिए कृपया यहाँ लिखें : essayevent@srcm.org

<u>प्रत्येक श्रेणी में पुरस्कार</u>

**राष्ट्रीय स्तर** - अंग्रेज़ी एवं हिंदी में लिखे गए सर्वश्रेष्ठ 10 निबंध,

**राज्य स्तर** - अंग्रेज़ी एवं हिंदी के अतिरिक्त राज्य में प्रस्तावित क्षेत्रीय भाषाओ में अधिकतम सर्वश्रेष्ठ 10 निबंध

**ई-मेरिट प्रमाणपत्र** - संस्था द्वारा चुने गए निबंधों को ई-मेरिट प्रमाणपत्र

**सहभागिता प्रमाणपत्र** - उन सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र मिलेंगे जिनकी सूची हमें संस्था द्वारा दी जाएगी।

**प्रायोजित पुरस्कार** -

**हीरक पुरस्कार** - राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार विजेताओं की संस्थाओं को - रु 75000 (4 पुरस्कार)

**प्लैटिनम पुरस्कार** - राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार विजेताओं की संस्थाओं को - रु 50000 (4 पुरस्कार)

**स्वर्ण पुरस्कार** - राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय पुरस्कार विजेताओं की संस्थाओं को - रु 25000 (4 पुरस्कार)

**प्रशंसनीय पहल पुरस्कार** - प्रत्येक श्रेणी में सर्वोच्च भागीगरी वाली दो संस्थाएँ - रु 10000 (2 पुरस्कार)

अंतिम पुरस्कार के लिए अपनी योग्यता सिद्ध करने हेतु संभवतः छात्रों को टेलीफ़ोन पर इंटरव्यू देना पड़े।
किसी भी निबंध को पुरस्कृत करने या अयोग्य ठहराने का अधिकार मूल्यांकन टीम का होगा।
दिए जाने वाले प्रमाण पत्रों पर UNIC के निदेशक और श्री रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष के हस्ताक्षर होंगे ।

**मुख्य तिथियाँ:**

प्रतिभागियो द्वारा संस्था को निबंध देने की अंतिम तिथि: **19 सितम्बर 2020**

संस्था द्वारा सभी निबंधों को जमा करने तथा मूल्यांकन के बाद चुने गए सर्वश्रेष्ठ 5 निबंधों का चुनाव करने की अंतिम तिथि - **30 सितम्बर 2020**

परिणाम की घोषणा: **दिसंबर 2020**



Scanned by CamScanner

# हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2020

Inbox

Sundari Deshmukh <sdeshmukhmission@gmail.com>
to me

Mon, Aug 24, 4:18 PM (2 days ago)

Hindi English Translate message Turn off for: Hindi

सेवा में,

श्रीमान/श्रीमती प्रधानाचार्य/अध्यक्ष
शासकीय नवीन महाविद्यालय
बेरला, जिला–बेमेतरा (छ.ग.)

विषय: हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2020
आदरणीय महोदय / महोदया,

सन् 2005 से **श्री रामचंद्र मिशन** और **संयुक्त राष्ट्र जनसूचना केंद्र भारत व भूटान** (UNIC) की साझेदारी में निबंध लेखन कार्यक्रम का आयोजन पिछले अनेक वर्षों से सफलतापूर्वक किया जा रहा है जिसमें आप जैसी भविष्योन्मुख विचारधारा के लोगों द्वारा संचालित संस्थाओं की हमें मदद मिलती रही है। अब यह कार्यक्रम **'हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम'** के नाम से जाना जाता है। युवाओं के लिए बनाए गए कार्यक्रमों की विषय-वस्तु को विकसित करने के लिए हमने अपनी सहयोगी संस्था **'द हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट'** के साथ भी साझेदारी की है। निबंध लेखन के अतिरिक्त हम छात्रों व शिक्षकों के लिए भी कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं ताकि स्कूलों में एक हृदय-आधारित पद्धति द्वारा प्रेमपूर्ण और करुणामय शैक्षिक वातावरण बनाया जा सके। हमारे कार्यक्रम - हार्टफुलनेस वे पाठ्यक्रम, हेल्प, इंस्पायर, हार्ट और ब्राइटर माइंडस - स्कूलों के लिए हैं और इन्हें पूरे भारत में कई संस्थाओं में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। युवाओं के व्यक्तित्व के निर्माताओं के रूप में शैक्षिक संस्थाएँ देश के भविष्य को तैयार कर रही हैं। इस उत्कृष्ट उद्देश्य के प्रति आपकी प्रतिबद्धता के लिए हम आपको धन्यवाद एवं बधाई देते हैं। प्रतिभागी संस्थाओं का आभार व्यक्त करने हेतु कार्यक्रम की सहयोगी संस्थाओं ने उनके लिए नकद पुरस्कार की व्यवस्था की है। यह निबंध लेखन कार्यक्रम युवाओं को आमंत्रित करता है कि वे अंतरावलोकन करें और इन विषयों पर लिखें जो मुख्यतः आत्म-विकास, आंतरिक परिवर्तन एवं सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों से सम्बंधित हैं। यह कार्यक्रम उन्हें अनेक मानसिक व शारीरिक क्षमताओं के अतिरिक्त चिंतन व अंतरावलोकन की क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित करने का एक विनम्र प्रयास है।

यह कहते हुए हम अनुरोध करते हैं कि आपकी गरिमामयी संस्था इस कार्यक्रम में भाग ले। हम आपको देश की अन्य समान विचारधारा वाली संस्थाओं के साथ तथा हमारे साथ मिलकर काम करने के लिए आमंत्रित करते हैं। हम आपसे निवेदन करते हैं कि आप हमारे प्रतिनिधि को इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी आपके सामने प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करें।

रजिस्टर करने के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.younghearts.org देखें| किसी प्रकार के स्पष्टीकरण अथवा सुझाव के लिए हमें essayevent@heartfulness.org पर ईमेल करें।

धन्यवाद एवं शुभकामनाओं सहित,

सुंदरी देशमुख
संयोजक: हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2020
Contact no.: 9479003359
email id: sdeshmukhmission@gmail.com

संलग्नक:-
1. कार्यक्रम विवरण हिंदी और अंग्रेजी में
2. पोस्टर हिंदी और अंग्रेजी में
3. प्रतिभागी सूचना फॉर्म
4. इवेंट मेलर

नोट:- कृपया यह सुनिश्चित करें कि आपकी संस्था के निबंध हमारी वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएँ तथा हमारे मुख्यालय या अन्य किसी पते पर न भेजे जाएँ|



Scanned by CamScanner